दैनिक जागरण 03/05/2023

# जीएमएन कालेज में लगाया मेगा कैंप 360 मरीजों के स्वास्थ्य को जांचा

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एनसीसी यूनिट(ब्वायज़ एंड गर्ल्स) ने मेदांता-द मेडिसिटी गुरुग्राम के सहयोग से निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच और आकलन शिविर का आयोजन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कमांडिंग आफिसर कर्नल संजीव कुमार (1 हरियाणा एनसीसी बटालियन एनसीसी के एडमिन आफिसर), कर्नल प्रेम सिंह (2 हरियाणा बटालियन) मौजूद रहे। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में कहीं न कहीं स्वास्थ्य के लिए जरूरी उपायों की अनदेखी की जा रही है जो सही नहीं है। ऐसे में स्वस्थ शरीर के लिए जरूरी है कि हम स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक हों। मेदांता अस्पताल से आंतरिक चिकित्सा विभाग के डा. ईशान वंदन व कार्डियो स्पेशलिस्ट डा. महजूबा रोशन मजूमदार ने स्टाफ एवं छात्रों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार के संबंध में जानकारी दी। कैंप में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी पीएफटी टेस्ट, बीएमडी सहित अन्य टेस्ट चिकित्सक की सलाह से निशुल्क उपलब्ध करवाए गए। इस कैंप में 360 से अधिक लोगों ने अपनी सेहत की जांच करवाई। एनसीसी ब्वायज विंग के इंचार्ज कैप्टन डा. एसएस नैन, एनसीसी गर्ल्स विंग की इंचार्ज डा. अनुपमा सिहाग सहित डा. अमित कुमार मौजूद रहे।



कैंप में मरीज का चेकअप करते डाक्टर। • विज्ञप्ति।